न्यूज 1 नजर में

पौंग डैम में मिला व्यक्ति का शव

जवाली। पौंग डैम में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। ग्रामीणों ने सोमवार सुबह करीब 8 बजे इस शव को देखा। ग्रामीणों ने पंचायत के प्रधान रमेश सिंह को इसकी सूचना दी। पंचायत प्रधान के पुलिस थाना जवाली को सूचित करने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची तथा शव को कब्जे में ले लिया। मृतक की पहचान के प्रयास करने के बावजूद अभी तक उसकी पहचान करना चुनौती बना हुआ है। पुलिस ने अज्ञात शव को सिविल अस्पताल नूरपुर के शव गृह में रख कर उसकी पहचान के लिए पुलिस थानों से जानकारी साझी कर दी है। एसपी अशोक रतन ने पुष्टि करते हुए बताया कि पनाल्थ पंचायत के पौग डैम एरिया के घाट में एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिली है जिसे पुलिस टीम ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नूरपुर भेज दिया गया है तथा जिसकी आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक की पहचान के प्रयास जारी हैं।

भागवत कथा का शुभारंभ

मारंडा। उपमंडल पालमपुर के ऐतिहासिक प्रसिद्ध गौरी शंकर महादेव मंदिर अक्षैणा ननाओ में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ सोमवार को हुआ। यह आयोजन 4 अगस्त से 10 अगस्त तक चलेगा, जिसमें संत अम्यानंद महाराज कथा का भक्तों को रसपान कराएंगे। कथा का समय दोपहर 2 बजे से होगा। 10 अगस्त को समापन पर यहां विशाल भंडारे का भी आयोजन होगा। इस मौके पर आयोजक मंडल ने सभी को सादर आमंत्रित किया है।

रुद्रचंडी महायज्ञ की पूर्णाहुति 8 अगस्त को

इंदौरा। प्राचीन शिव मंदिर सुधार सभा काठगढ़ (इंदौरा) द्वारा सावन माह में रुद्रचंडी महायज्ञ आचार्य निगम शर्मा की देखरेख में 15 विद्वान पंडितों द्वारा मंदिर परिसर के हवन कुंड में विधि विधान से करवाया जा रहा है। यहां दुर्गा सप्तशती का 100 पाठ, 121 रुद्राभिषेक, वह पाठ तथा गायत्री जप 7 दिन चलेगा व आठ अगस्त को इसकी पूर्णाहूति डाली जाएगी। सोमवार को सुबह 5 बजे से ही श्रद्धालु भक्तों ने लंबी कतारों में लगकर हजारों की संख्या में शिव भक्तों ने माथा टेका।

बस रूट बहाल करने को उतराला पंचायत के छात्रों ने सौंपा ज्ञापन

बैजनाथ। उपमंडल बैजनाथ के कंदराल, हरेड़, उतराला पंचायत के क्षेत्रों के लिए पिछले काफी समय से स्थानीय जनता और छात्र-छात्राओं को आ रही समस्या को लेकर बस रूट समय 9.00 बजे सुबह और 3.00 बजे सायं चलनी वाली बस सेवाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए कंदराल पंचायत के उपप्रधान रविंद्र राव के नेतृत्व में क्षेत्रीय प्रबंधक बैजनाथ शशांक धीमान को ज्ञापन सौंपा। इसके उपरांत विधायक किशोरी लाल के साथ वार्तालाप के पश्चात उन्होंने आरएम बैजनाथ को उचित दिशा-निर्देश जारी कर बस सेवाओं को शुरू करने के दिशा-निर्देश जारी किए।

समिति ने किया बैठक का आयोजन

मारंडा। जैंता राम मेमोरियल स्वर्ग गमन स्थल विकास समिति द्वारा त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सबसे पहले समिति पंजीकरण की जानकारी साझा की गई तथा जिसके पश्चात पिछला कार्य रिव्यू लिया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जो भी कोई इस समिति से जुड़ना चाहता है वह समिति के सदस्यों से संपर्क कर के मिल सकता है। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी तथा सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में चंबा जिले में विभिन्न परियोजनाओं पर 1500 करोड़ व्यय : कुलदीप पठानिया

सीएम सुक्खू के न पहुंचने पर विस अध्यक्ष ने किए 785 करोड़ 32 लाख की 37 विकासात्मक परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास

हिमाचल दस्तक ब्यूरो ▮ चंबा

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने सोमवार को ऐतिहासिक चंबा चौगान में अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला-2025 के समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की ओर से विधानसभा अध्यक्ष ने विभिन्न विभागों से संबंधित 785 करोड़ 32 लाख रुपये की लागत की 37 विकासात्मक परियोजनाओं की पट्टिकाओं का अनावरण कर उनका विधिवत शिलान्यास तथा शुभारंभ किया।

उन्होंने इस दौरान मिंजर मेला खेलकूद प्रतियोगिताओं में विजेता रहे प्रतिभागियों को पुरस्कार भी प्रदान किए। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में कुलदीप सिंह पठानिया ने बताया कि मुख्यमंत्री का चंबा प्रवास खराब मौसम के चलते स्थगित हुआ है तथा मुख्यमंत्री ने समापन समारोह की सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने के लिए उन्हें अधिकृत किया है। विधानसभा अध्यक्ष ने अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला-2025 के सफल आयोजन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आकांक्षी जिला चंबा की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप सतत् एवं समावेशी विकास को सुनिश्चित बनाने के लिए जिला में संचालित की जा रही विभिन्न विद्युत परियोजनाओं से अनुपातिक तौर पर राजस्व हिस्सा मिले। कुलदीप सिंह पठानिया ने चंबा जिला में जारी विकासात्मक परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल में 1500 करोड़ की धनराशि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत जिला में व्यय की गई है।

उन्होंने राज्य सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा के तहत अनुकंपा के आधार पर सरकारी नौकरी में पात्रता के लिए आय सीमा को तीन लाख रुपये तक बढ़ाने के निर्णय को स्वागत योग्य कदम बताया। उन्होंने कहा कि इससे प्रदेश के लगभग 6 हजार युवाओं को लाभ मिलेगा। विधानसभा अध्यक्ष ने चंबा-चुवाड़ी टनल निर्माण का भी उल्लेख अपने संबोधन में किया। उन्होंने कहा कि जिला में टनल नेटवर्क का विस्तार सामरिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। विधायक नीरज नैय्यर ने कार्यक्रम के दौरान अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला-2025 के सफल आयोजन को लेकर मेला आयोजन समिति तथा समस्त जिलावासियों को शुभकामनाएं दीं। नीरज नैय्यर ने चंबा विधानसभा क्षेत्र के तहत जारी विकासात्मक परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि चंबा से हेलि टैक्सी सेवाओं को जल्द शुरू करने के लिए मामला मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जाएगा। उन्होंने चंबा के ऐतिहासिक चौगान में निर्मित किए गए कला केंद्र के उन्नयन कार्यों के लिए स्थानीय लोगों से सहयोग का आग्रह भी किया। अध्यक्ष जिला कृषि उपज एवं विपणन समिति ललित ठाकुर, यशवंत खन्ना पूर्व प्रत्याशी चुराह, उपायुक्त मुकेश रेपसवाल, पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा, एसडीएम चंबा प्रियांशु खाती, सहायक आयुक्त अपराजिता चंदेल, मुख्य अभियंता लोक निर्माण विकास सूद, विद्युत देवेंद्र सिंह, अधीक्षण अभियंता दिवाकर पठानिया, राजेश मोगरा, राजीव ठाकुर, विभिन्न विभागीय अधिकारियों सहित स्थानीय लोग इस अवसर पर उपस्थित रहे।

▮ कुलदीप सिंह पठानिया ने की मिंजर मेला समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता

भूमिहीन परिवारों को जमीन देने की उठाई मांग

धर्मशाला। हिमाचल किसान सभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह तंवर ने सरकार से मांग उठाई है कि जब तक सभी भूमिहीन परिवारों को शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में दो और तीन बिस्वा भूमि प्रदान नहीं की जाती, तब तक उनके आवास से बेदखल न किया जाए। साथ ही वर्ष 2023 की प्राकृतिक आपदा में जिनके घर नष्ट हो गए हैं, उन्हें 7 लाख रुपये प्रदान करने का विशेष पैकेज उन लोगों को भी दिया जाए। धर्मशाला में पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने अधिग्रहित चौड़ाई के बाहर सड़क किनारे खाद्य पदार्थ, सब्जी और फल या इसी किस्म के अस्थायी स्टाल लगाए जाने वालों की सभी बेदखलियां रोकी जाएं और सरकार आने वाले बजट में एक नीति बनाए जो आजीविका प्रदान करने के साधन के साथ-साथ राज्य के लिए राजस्व का स्रोत भी हो। उन्होंने भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 के अनुसार किसानों को उनकी अधिग्रहित भूमि का चार गुणा मुआवजा दिया जाए। वर्ष 2019 के बाद घटाए गए सर्कल रेट को खारिज करके अपडेट किया जाए। इसके अलावा भूमिहीन एवं गरीब किसानों को कम से कम पांच बीघा कृषि भूमि दी जाए और नियमित की जाए। इस दौरान कांगड़ा इकाई के जिलाध्यक्ष जगदीश जग्गी व प्रताप सिंह सहित अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

पुलिस मैदान में आयोजित होगा जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह, कृषि मंत्री फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज : एडीसी

धर्मशाला। जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह पुलिस मैदान धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त कांगड़ा विनय कुमार ने सोमवार को उपायुक्त कार्यालय के सभागार में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। डीसी कार्यालय में आयोजित बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के बेहतर आयोजन के लिए संबंधित विभागों को सभी तैयारियां समय रहते पूरा करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि जिला स्तरीय समारोह के मुख्यअतिथि कृषि मंत्री चौधरी चंद्र कुमार 15 अगस्त को प्रातः 10:30 बजे शहीद स्मारक में माल्यार्पण के उपरांत प्रातः 11 बजे पुलिस मैदान में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। इस दौरान पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी कैडेट्स द्वारा मार्च पास्ट निकाला जाएगा। मुख्यअतिथि के जनता के नाम संदेश के उपरांत विभिन्न सांस्कृतिक दलों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे, जबकि स्वतंत्रता सेनानियों तथा उनके परिजनों को कार्यक्रम में विशेष तौर पर आमंत्रित किया जाएगा। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित विभागों को समारोह के दृष्टिगत शहर की साफ सफाई सुनिश्चित बनाने और शहर में स्थित विभिन्न स्मारकों की स्वच्छता के लिए भी विशेष प्रबंध करने के अलावा स्वतंत्रता दिवस पर इन स्मारकों में स्थापित प्रतिमाओं पर माल्यार्पण करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त ने धर्मशाला स्थित सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समारोह में सम्मिलित होने को कहा। उन्होंने आम नागरिकों से भी पूरे जोश के साथ समारोह में सम्मिलित होने का आग्रह किया है। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

सीएम सुक्खू ने देहरा को दिए 19 करोड़, धर्मशाला को नहीं दे पाए 30 करोड़ : सुधीर

धर्मशाला। अपने जन्मदिन को लेकर हिमाचल में आपदा प्रभावितों को 80 लाख से ज्यादा देने के बाद विधायक सुधीर शर्मा ने सीएम पर निशाना साधा है। उन्होंने सोमवार को धर्मशाला में जारी बयान में कहा कि हाल ही में सीएम ने देहरा को पेयजल योजना के लिए 19 करोड़ जारी किए हैं, लेकिन राष्ट्रीय महत्व के प्रोजेक्ट धर्मशाला सेंट्रल यूनिवर्सिटी के 30 करोड़ अब तक जारी नहीं कर पाए हैं। धर्मशाला में सीयू के नॉर्दर्न कैंपस के लिए 30 करोड़ रुपये चाहिए। लाखों हिमाचलियों की जनभावनाएं इसके साथ हैं, लेकिन आज दिन तक यह पैसा जारी न करके हिमाचल और धर्मशाला की जनता से धोखा किया जा रहा है। सुधीर शर्मा ने कहा कि सुक्खू सिर्फ देहरा के सीएम बनकर रह गए हैं। अब वह नादौन को भी भूल चुके हैं। अब देहरा को जिला बनाने का प्रयास चल रहा है। इस पर हजारों करोड़ रुपये खर्च आएगा, लेकिन सीएम को कर्ज में डूबे हिमाचल से कोई लेना-देना नहीं है। सुधीर शर्मा ने कहा कि आपदा प्रभावितों को हिमाचल सरकार मदद नहीं कर पा रही है।

धर्मशाला में 78 में से 44 दिन तक अच्छी रही वायु गुणवत्ता

हिमाचल दस्तक ब्यूरो ▮ धर्मशाला

बरसात ने एक ओर जहां पूरे प्रदेश में काफी नुकसान किया है, तो वहीं बरसात के दिनों में पहाड़ों की आबोहवा बरसात के दौरान काफी साफ हुई है। जनवरी से अब तक प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वायु गुणवता सूचकांक की मानें तो कुल 78 दिनों के परीक्षण में 29 जनवरी का दिन इस साल का सबसे प्रदूषित दिन था।

इस दिन एयर क्वालिटी का लेवल 72 रहा। हालांकि ये स्तर संतोषजनक माना जाता है। 25 जुलाई के दिन धर्मशाला क्षेत्र की वायु गुणवता बेहतरीन रहीं। इसका पैमाना वायु गुणवता सूचकांक पर 22 रहा। एयर क्वालिटी के लिहाज से सबसे उच्च स्तर 72 रहा तो निम्नतम स्तर 22 था। हालांकि दोनों में से 72 संतोषजनक तो 22 अच्छा स्तर है। जिला के डमटाल क्षेत्र के वायु गुणवता सूचकांक को कुल 45 दिनों में मात्र दो बार संतोषजनक से ऊपर पाया गया। बताते चलें कि हिमाचल की आबोहवा दूसरे राज्यों के मुकाबले काफी साफ है। प्रदेश के डमटाल, नालागढ़ तथा बद्दी जैसे आद्योगिक शहरों में प्रदूषण के अलावा दूसरे क्षेत्रों में साल भर वायु गुणवता सूचकांक का स्तर अच्छा या संतोषजनक रहता है।

▮ डमटाल में 45 में से मात्र दो दिन ही एयर क्वालिटी अच्छी

"इस साल के एयर क्वालिटी इंडेक्स के अनुसार कांगड़ा जिला के धर्मशाला में अब तक 40 फीसदी दिनों में संतोषजनक तथा 60 प्रतिशत दिनों में वायु गणवत्ता अच्छी रही है। वहीं कांगड़ा के औद्योगिक शहर डमटाल में 90 प्रतिशत में से मात्र 10 प्रतिशत दिनों में अच्छी एयर क्वालिटी रही है।

-संजीव शर्मा, प्रधान वैज्ञानिक, हिमाचल प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, धर्मशाला।

धर्मशाला में जॉब ट्रेनी मुद्दे पर जोरदार नारेबाजी

धर्मशाला। जॉब ट्रेनी पॉलिसी के विरोध में सोमवार को युवा सड़कों पर उतरे। धर्मशाला के कचहरी अड्डा में युवा शक्ति जिला कांगड़ा के नेतृत्व में युवाओं ने विरोध-प्रदर्शन किया और प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। साथ ही जॉब ट्रेनी पॉलिसी को वापस लेने की मांग उठाई। इसके बाद डीसी के माध्यम से प्रदेश सरकार को ज्ञापन भी भेजा। युवा शक्ति कांगड़ा से अभिषेक राणा, हरीश भारद्वाज, दीपक चौधरी, कुलदीप, विक्की, शीतल, पारूल, नेहा, सुषमिता ने कहा कि स्थायी नियुक्तियों से सरकार किनारा करके अल्पकालिक श्रम का उपयोग करना चाह रही है। साथ ही जॉब ट्रेनी पॉलिसी से युवाओं की स्थायी नियुक्तियां न होने से उनका भविष्य अस्थिर हो जाएगा। इसके अलावा उम्मीदवार नियुक्ति के बाद अपनी नौकरी करे या स्थायी होने के लिए अगली परीक्षा की तैयारी करे। इसीलिए जॉब ट्रेनी पॉलिसी के निर्णय को तुरंत वापस लिया जाए। साथ ही स्थायी नियुक्ति के लिए दो वर्ष के बाद होने वाली परीक्षा के निर्णय को तुरंत खरिज किया जाए। साथ ही सरकार ऐसी नीतियों पर कार्य करने की बजाय स्थायी रोजगार देने के लिए निर्णय ले। उन्होंने यदि सरकार ने इस संबंध में जल्द निर्णय लिया तो युवा इस मामले को लेकर सचिवालय तक पहुंचने से भी पीछे नहीं हटेगा तथा इसकी जिम्मेदार सरकार होगी।

करवाचौथ पर थमाया खराब क्वालिटी का सूट, अब देना होगा मुआवजा

धर्मशाला। उपभोक्ताओं के अधिकार से जुड़े एक मामले में उपभोक्ता शिकायत निवारण आयोग धर्मशाला ने शिकायतकर्ता को मुआवजा देने के आदेश दिए हैं। बैजनाथ निवासी शिकायतकर्ता ने 14 अगस्त, 2024 को एक दुकान कश्मीरी आर्ट्स एंड डिजाइन पालमपुर से 1800 रुपये में हरे रंग का सूट खरीदा था। करवाचौथ त्योहार के लिए खरीदे गए इस सूट की एवज में भुगतान ऑनलाइन किया गया। सूट की सिलाई पर 1500 रुपये खर्च हुए, लेकिन दर्जी के अनुसार खराब गुणवत्ता के कारण सूट का कपड़ा सिलाई के दौरान फट रहा था। जानकारी मिलने पर दुकानदार ने सूट को बदलने का आश्वासन दिया। नवंबर, 2024 में शिकायतकर्ता को प्रतिस्थापन प्रदान करने के बजाय दुकानदार ने पहले की राशि घटाकर 1200 रुपये अतिरिक्त भुगतान करने पर 3000 रुपये का एक नया सूट खरीदने के लिए मजबूर किया। सूट की सामग्री एक बार फिर खराब पाई गई और एक बार इस्तेमाल करने के बाद ही ये ड्रेस फट गई। दुकानदार ने कई बार कहने के बाद किसी भी प्रकार की धनवापसी से साफ इंकार कर दिया। इसके बाद शिकायतकर्ता महिला ने उपभोक्ता शिकायत निवारण आयोग में शिकायत की। अध्यक्ष हेमांशू शर्मा, सदस्य नारायण ठाकुर तथा आरती सूद की खंडपीठ ने दुकानदार को आदेश दिया कि वह शिकायतकर्ता को 4500 की राशि शिकायत की तिथि से उसकी वसूली तक 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित वापस करे। इसके अतिरिक्त शिकायतकर्ता को 4000 रुपये का मुआवजा और 3000 रुपये की मुकदमे की लागत देने के भी आदेश दिए।

देवेंद्र कोहली व सुनेजा चौधरी चुने महामंत्री

पवन काजल, सरवीण चौधरी व अरुण मेहरा की मौजूदगी में किया एलान

हिमाचल दस्तक ▮ कांगड़ा

भारतीय जनता पार्टी जिला कांगड़ा की नई कार्यकारिणी के सदस्यों की नियुक्तियों की घोषणा कर सोमवार को कर दी गई। कांगड़ा के विधायक पवन काजल के कार्यालय में हुई संगठनात्क पर्व कार्यक्रम के तहत विधिवत घोषणा की गई।

इस कार्यक्रम में प्रदेश सचिव भाजपा व पूर्व महिला आयोग की अध्यक्ष एवं संगठन पर्व की पर्यवेक्षक डेजी ठाकुर तथा अध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा हिमाचल प्रदेश एवं पर्यवेक्षक तिलक राज विशेष रूप से उपस्थित हुए। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक कांगड़ा पवन काजल, पूर्व कैबिनेट मंत्री सरवीण चौधरी, पूर्व विधायक अरुण मेहरा, जिला अध्यक्ष सचिन शर्मा, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष विनय चौधरी सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए जिला अध्यक्ष सचिन शर्मा ने बताया कि मोनिका पठानिया, रजनीश मोना, संदीप शर्मा, बलराम पुरी, सतीश कुमार व मंजीत कुमार को उपाध्यक्ष बनाया गया है, जबकि महामंत्री पद के लिए देवेंद्र कोहली व सुनेजा चौधरी को जिम्मेदारी सौंपी गई, जबकि दिनेश कपूर को कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

उन्होंने बताया कि सचिव के लिए नदीश ठाकुर, रेखा चौधरी, राकेश चौधरी, ओमप्रकाश हीर, कल्पना भंडारी, रीना चौधरी, जबकि कार्यालय सचिव सुरजीत सिंह, मीडिया प्रभारी मनीष लूथरा व सह मीडिया प्रभारी अंकुश शर्मा को बनाया गया। उन्होंने बताया कि मनीष सूद, अक्षय शर्मा जिला भाजपा प्रवक्ता होंगे, जबकि आईटी संयोजक के लिए विशाल आनंद, आईटी सह संयोजक संदीप शर्मा, सोशल मीडिया संयोजक पारस शर्मा तथा सोशल मीडिया सह संयोजक ललिता वशिष्ठ को जिम्मेदारी दी गई है।

उन्होंने बताया कि कार्यकारिणी सदस्यों में सुदेश्वर सिंह मनकोटिया, कश्मीर सिंह, सपना मल्होत्रा, माया अवस्थी, समशेर सिंह, जीवन ज्योति कोहली, डॉ. संगीत वर्मा, डॉ. संगीत वर्मा, मुनीष त्रिवेदी, अजीव कुमार, बबीता संधू, अनीता ठाकुर, संध्या देवी, दिवाकर शर्मा, अजय शर्मा, सुरेश धीमान, कुलदीप नारायण, नीलम गुप्ता, संजय पटियाल, आशा कुमारी, रमेश शर्मा, नवनीत कुमार, रंजना, अंजू ठाकुर, अरुणा, ओमकार सिंह, परवीन धीमान, रमेश जरयाल, नैणो देवी, सुख प्रेम, मनोज कुमार, नरेंद्र ठाकुर, इंदुबाला, कांता सोनी, विजय शर्मा, रमेश अटवाल को शामिल किया गया है।

▮ प्रदेश भाजपा सचिव डेजी ठाकुर व प्रदेश भाजयुमो अध्यक्ष तिलक राज विशेष रूप से रहे मौजूद ▮ मोनिका पठानिया और रजनीश मोना चुने संगठनात्मक जिला कांगड़ा के भाजपा उपाध्यक्ष

एसडीएम ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन को लेकर बैठक में की चर्चा

देहरा। उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन की तैयारियों को लेकर सोमवार को एसडीएम देहरा कुलवंत सिंह पोटन की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि इस बार 79वां स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त शहीद भुवनेश्वर डोगरा स्टेडियम देहरा में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। बैठक में विभिन्न विभागों के उपमंडल स्तरीय अधिकारियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि समारोह में मुख्यअतिथि द्वारा 11 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा और परेड का निरीक्षण करने के उपरांत पुलिस, होमगार्ड, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या व बाल स्कूल, डीएवी पब्लिक स्कूल देहरा व एनसीसी की टुकड़ियों द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट की सलामी दी जाएगी। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, बिजली बोर्ड, नगर परिषद और अन्य संबंधित अधिकारियों को उचित प्रबंध और तय सीमा के भीतर आयोजन की तैयारियों को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

ग्रेस स्कूल ऑफ नर्सिंग ने मनाया विश्व स्तनपान सप्ताह

हिमाचल दस्तक ▮ कांगड़ा

एक से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह पूरे विश्व में मनाया जाता है। इसी के उपलक्ष्य में सिविल हॉस्पिटल कांगड़ा ने ग्रेस स्कूल आफ नर्सिंग के सहयोग से विश्व स्तनपान सप्ताह पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस विशेष कार्यक्रम में लोगों को स्तनपान क्यों आवश्यक है इसके बारे में जागरूक किया गया।

इस मौके पर एसएमओ डॉ. अल्पना ने कहा कि मां का दूध पहले 6 महीने बच्चों के लिए सबसे जरूरी है। इस दूध के सेवन से बच्चा स्वास्थ्य होता है। उन्होंने बताया कि इस विशेष सप्ताह के इस वर्ष की थीम स्तनपान को सक्षम बनाना और एक स्वस्थ ग्रह बनाना है। इस थीम का अभिप्राय इस बात पर जोर देने से है कि स्तनपान शिशुओं माताओं और पर्यावरण के स्वास्थ्य में कैसे योगदान देता है। स्तनपान बच्चों के स्वास्थ्य और जीवन सुरक्षा को सुनिश्चित करने के सबसे प्रभावी तरीकों में से एक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार उचित स्तनपान से दुनिया भर में हर साल 8 लाख से अधिक बच्चों की जान बचाई जा सकती है।

मां का दूध शिशुओं के लिए पहला और सर्वोत्तम प्राकृतिक आहार है, जो उन्हें जीवन के पहले 6 महीनो में आवश्यक सभी पोषक तत्व प्रदान करता है साथ ही बीमारियों से लड़ने के लिए एंटीबॉडी भी प्रदान करता है। इस मौके पर उनके साथ एसएमओ डॉ. अल्पना, डॉ. संजय, डॉ. अंकुश, डॉ. मीनाक्षी, डॉ. अमरोह, शबनम, वाइस प्रिंसिपल कनिका और प्रशिक्षु नर्सें मौजूद रहीं।

डीसी ने धर्मशाला कॉलेज परिसर में रोपे जामुन आंवला, चेरी के पौधे

धर्मशाला। राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के पूर्व छात्र संघ द्वारा सोमवार को कॉलेज परिसार में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान डीसी कांगड़ा हेमराज बैरवा ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। उन्होंने इस अवसर पर महाविद्यालय द्वार के समीप जामुन का पौधा रोपा। पूर्व छात्र संघ के अध्यक्ष संजीव गांधी एवं महाविद्यालय के प्राचार्य राकेश पठानिया ने भी इस अवसर पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में पूर्व छात्र संघ के सदस्य, महाविद्यालय का स्टॉफ तथा एनएसएस और एनसीसी के वर्तमान छात्र-छात्राएं भी शामिल हुए और पूरे परिसर में पौधे लगाए। पूर्व छात्र संघ के अध्यक्ष संजीव गांधी ने जानकारी दी कि पर्यावरण संरक्षण और अपने कॉलेज परिसर को हराभरा व सुंदर बनाने के उद्देश्य से पौधरोपण अभियान के तहत 150 से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। इन पौधों में जामुन, आंवला, बॉटल ब्रश, चेरी, भेरा, हरड़, शीशम, कचनार, सिल्वर ओक, और मोरपंखी जैसी प्रजातियां शामिल हैं। कार्यक्रम में पूर्व छात्र संघ कार्यकारिणी के सदस्य सोम जैकारिया व होटल एंड रेस्तरां एसोसिएशन धर्मशाला के अध्यक्ष राहुल धीमान ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर अभियान को समर्थन प्रदान किया।

inflame
Inspired Cooking

इनफ्लेम एम्पलायंसेज लिमिटेड

CIN: L74999HP2017PLC006778
कॉर्पोरेट कार्यालय- गांव बग्वाली, खसरा नंबर 40/14-15-16-17/1, ब्लॉक - रायपुर रानी, एनएच -73, पंचकुला, हरियाणा - 134202, भारत।
पंजीकृत कार्यालय- खेवट खतौनी नंबर 45/45, खसरा नंबर 942/855/1, गांव कल्याणपुर, तहसील - बद्दी, सोलन, हिमाचल प्रदेश - 173205, भारत।
वेबसाइट- www.inflameindia.com, ईमेल आईडी- cs@inflameindia.com, मोबाइल: +91 7496979231

कंपनी की 8वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना और ई-वोटिंग

यह सूचित किया जाता है कि इंफ्लेम एप्लायंसेज़ लिमिटेड की 8वीं (आठवीं) वार्षिक आम बैठक (AGM) शुक्रवार, दिनांक 29 अगस्त 2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे भारतीय मानक समय (IST) के अनुसार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("VC") / अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यम (''OAVM'') के माध्यम से आयोजित की जाएगी, जिसमें 8वीं AGM की सूचना में दिए गए सामान्य व्यापारों पर विचार और निर्णय लिया जाएगा।

कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (MCA) के दिनांक 19 सितंबर 2024 के परिपत्र को दिनांक 08 अप्रैल 2020, 13 अप्रैल 2020, 05 मई 2020, 13 जनवरी 2021, 08 दिसंबर 2021, 14 दिसंबर 2021, 05 मई 2022, 28 दिसंबर 2022 और 25 सितंबर 2023 के परिपत्रों के साथ पढ़ा जाए (संयुक्त रूप से ''MCA'' परिपत्र'' कहा गया है) और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) द्वारा जारी परिपत्र क्रमांक SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79 दिनांक 12 मई 2020, परिपत्र क्रमांक SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2021/11 दिनांक 15 जनवरी 2021, परिपत्र क्रमांक SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2022/62 दिनांक 13 मई 2022, SEBI/HO/CRD/PoD-2/P/CIR/2023/4 दिनांक 05 जनवरी 2023 और परिपत्र क्रमांक SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/P/CIR/2023/167 दिनांक 07 अक्टूबर 2023 (संक्षेप में 'SEBI परिपत्र') के अनुसार, AGM की सूचना तथा वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से उन सदस्यों को भेजी गई है जिनके ईमेल पते कंपनी/ डिपॉजिटरी में पंजीकृत हैं। सदस्य कृपया ध्यान दें कि, ऱूरूकी सूचना और वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 कंपनी की वेबसाइट www.inflameindia.com, बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com तथा नेशनल सिक्योरिटीज़ डिपॉजिटरी लिमिटेड (NSDL) की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर अपलोड की जाएगी।

MCA परिपत्रों के आलोक में, ऐसे शेयरधारक जो इक्विटी शेयर डीमैट रूप में या भौतिक रूप में रखते हैं और जिन्होंने अपना ईमेल पता जमा नहीं किया है, जिसके परिणाम स्वरूप उन्हें 8वीं AGM की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 प्राप्त नहीं हो सकी है, वे निम्नलिखित प्रक्रिया के माध्यम से अस्थायी रूप से अपना ईमेल पता पंजीकृत कर सकते हैं:

1. यदि शेयरों को भौतिक मोड में रखा जाता है, तो कृपया Folio No., शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाण पत्र की स्कैन की गई प्रति (आगे और पीछे), पैन (पैन कार्ड की स्व-प्रमाणित स्कैन की गई प्रति), आधार (स्वयं सत्यापित स्कैन की गई प्रति आधार कार्ड) ईमेल द्वारा cs@inflameindia.com पर प्रदान करें
2. यदि शेयर डीमैट मोड में रखे जाते हैं, तो कृपया डीपीआईडी+सीएलआईडी (16 अंकों की डीपीआईडी + सीएलआईडी या 16 अंकों की लाभार्थी आईडी), नाम, क्लाइंट मास्टर या समेकित खाता विवरण की प्रतिलिपि, पैन (पैन कार्ड की स्व-प्रमाणित स्कैन की गई प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्व-प्रमाणित स्कैन की गई प्रति) को cs@inflameindia.com पर प्रदान करें
3. वैकल्पिक रूप से सदस्य एक ई-मेल अनुरोध भेज सकते हैं evoting@nsdl.co.in मामले के रूप में बिंदु (1) या (2) में उल्लिखित विवरण साबित करके उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकते हैं।

ईमेल पता सफलतापूर्वक पंजीकृत हो जाने पर, शेयरधारक को 8वीवें AGM के लिए ई-वोटिंग को सक्षम करने हेतु उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड मिल जाएगा।

यदि कोई प्रश्न हों तो, शेयरधारक कंपनी को cs@inflameindia.com पर ईमेल लिख सकते हैं। यदि शेयर डीमैट रूप में रखे गए हैं, तो शेयर धारकों से अनुरोध है कि वे अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागी के साथ ईमेल आईडी को आवश्यक दस्तावेज़ों के साथ पंजीकृत/अद्यतन करें।

कंपनी में कोई भी भौतिक शेयरधारक न होने के कारण, कंपनी का रजिस्टर ऑफ मेंबर्स और शेयर ट्रांसफर बुक बंद नहीं की गई है। जिन सदस्यों के नाम 22 अगस्त 2025